प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ए.आई.सी.आर.पी. साहीवाल परियोजना द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन

पन्तनगर। 11 मार्च 2023। विश्वविद्यालय में **अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–साहीवाल** द्वारा ट्राइबल सब–प्लॉन के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन सिडकुल क्षेत्र के बारहाराणा स्मारक, सितारगंज में किया गया, जिसमें डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय द्वारा पशुपालन की उपयोगिता एवं महत्व के विषय पर व्याख्यान दिया। साथ ही डा. शिव कुमार, परियोजनाधिकारी ने उन्नत पशुपालन एवं प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

गोष्ठी में डा. आर.के. शर्मा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (एल.पी.एम.) द्वारा कुक्कुट पालन प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया तथा डा. एस.के. सिंह, संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म द्वारा बकरी पालन प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया गया। डा. संदीप कुमार तलवार, पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशु रोगों से जुड़ी जानकारी एवं उनका समाधान भी बताया गया तथा गोष्ठी के दौरान किसानों को टब, बाल्टी, मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम, लीवर टानिक, किलनी हटाने के लिए साबुन तथा कीड़ों की दवाई का वितरण भी किया गया। गोष्ठी में 124 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा पशुपालकों के सवालों के जवाब दिये गये। इस दौरान गोष्ठी का शुभारम्भ श्रीपाल राणा, अध्यक्ष, बारहाराणा स्मारक, सितारगंज ने किया।

गोष्ठी का संचालन सुरेश सिंह राणा, कोषाध्यक्ष, बारहाराणा स्मारक, सितारगंज एवं धन्यवाद प्रस्ताव श्री भुवन सिंह राणा द्वारा किया गया। इस दौरान हरीश सिंह, जीवन सिंह, अमरनाथ एवं पदमा देवी आदि उपस्थित रहें।

गोष्ठी में पशुपालकों को औषधीय किट का वितरण करते अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, डा. एस.के. सिंह एवं अन्य।